Website : www.highwaychannel.in
छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 308 □ रायपुर, बुधवार 3 दिसम्बर 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## गुजरात के भावनगर में पैथोलॉजी लैब में लगी भयानक आग, सुरक्षित बाहर निकाले 19 मरीज




**नई दिल्ली, 3 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। गुजरात के भावनगर शहर के काला नाला इलाके में स्थित एक पैथोलॉजी लैब में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। इस आग ने देखते ही देखते कॉम्प्लेक्स में फैल गई और आसपास मौजूद 3 से 4 अस्पतालों को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे को लेकर स्थानीय लोगों के अनुसार सामने आई जानकारी के अनुसार आग की शुरुआत एक ब्रेजियर (अंगीठी) से हुई थी, जिसने धीरे-धीरे विकराल रूप ले लिया और पूरी बिल्डिंग में फैल गई। आग लगने के दौरान बिल्डिंग में 19 मरीज़ फँसे हुए थे, जिन्हें अग्निशमन विभाग और स्थानीय कर्मचारियों की तत्परता के चलते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।**

इस आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन विभाग को खासी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर 5 दमकल गाड़ियों के साथ 50 से ज़्यादा कर्मचारी आग बुझाने के काम में जुटे रहे। गनीमत रही की इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई। प्रशासन ने इस बड़े बचाव अभियान को सफल बताते हुए कहा कि समय रहते सभी मरीज़ों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचा दिया गया था। आग लगने के कारणों की डिटेल जाँच की जा रही है।

### कोई हताहत नहीं, स्थिति नियंत्रण में

भावनगर कलेक्टर मनीष बंसल ने बताया कि घटना में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ है। सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है।

## प्रधान आरक्षक ने साथी जवान को मारी गोली, मौके पर हुई मौत



**रायगढ़,** 3 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। आज तड़के लगभग 4 बजे रायगढ़ रेलवे स्टेशन स्थित आरपीएफ की चौकी में ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक ने प्लेटफार्म ड्यूटी से वापस आए साथी प्रधान आरक्षक के सिर पर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी।

### आरपीएफ पोस्ट में गोलियों की गूंज से मची अफरा-तफरी

इस गोलीकांड से रेलवे स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई है। इधर घटना के बाद चौकी को सील कर जीआरपी ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। बताया जाता है कि प्रधान आरक्षक के एस लादेर की रात्रि पहर में चौकी ड्यूटी पर तैनाती की गई थी, जबकि प्लेटफार्म ड्यूटी की जवाबदारी पीके मिश्रा की थी। सुबह 4 बजे के आसपास अहमदाबाद एक्सप्रेस को अटेंड करने के बाद प्रधान आरक्षक मिश्रा अपने साथी जवान के साथ थाने पंहुचा। साथी जवान तो प्लेटफार्म पर ही रुक गया जबकि मिश्रा थाने के भीतर चला गया। बमुश्किल से 10 मिनट ही गुजरे थे कि चौकी के भीतर गोली चलने की गूंज से स्टेशन परिसर दहल गया। आवाज सुनकर पहुंचे लोगो ने देखा कि रक्त रंजित हालत में पीके मिश्रा मृत हालत में पड़ा हुआ था और प्रधान आरक्षक लादेर गन लिए खड़ा था। बताया जा रहा है कि एस लादेर ने पीके मिश्रा के सिर पर चार राउंड फायर कर दिए, जिससे उनकी मौत हो गई। माना जा रहा है कि आपसी कहासुनी में तैश में आकर लादेर ने अपने गन से पीके मिश्रा के सिर पर गोली मार दी है।

मृतक जांजगीर जिले का रहने वाला, जबकि आरोपी प्रधान आरक्षक रीवा जिले का रहने वाला बताया जा रहा है। बहरहाल रेलवे पुलिस जीआरपी ने चौकी को सील कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के तुरंत बाद वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। हालांकि, अभी आईजी के आने का इंतजार किया जा रहा है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, घटनास्थल पर मृतक की पत्नी भी पहुंच चुकी है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### भारत यात्रा दौरान पुतिन करेंगे बड़ा समझौता, रूस ने असैन्य परमाणु डील को दी मंजूरी



**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। रूसी मंत्रिमंडल ने चार-पांच दिसंबर को होने वाली राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान असैन्य परमाणु ऊर्जा में द्विपक्षीय सहयोग को प्रगाढ़ बनाने के लिए एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर को मंजूरी दे दी है। स्थानीय मीडिया में आईं खबरों के अनुसार, रूस की सरकारी परमाणु ऊर्जा कंपनी रोसएटम को रूसी सरकार की ओर से इस सहमति पत्र पर भारत के संबंधित अधिकारियों के साथ हस्ताक्षर करने के लिए अधिकृत किया गया है। यह कंपनी तमिलनाडु में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना के तहत कई रिएक्टर का निर्माण कर रही है।

रूसी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को भारतीय मीडिया से बातचीत में कहा कि रोसएटम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अलेक्सी लिगाचेव भारत जा रहे हैं और वह छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के निर्माण समेत सहयोग के कई प्रस्तावों का एक विस्तृत विवरण नयी दिल्ली में होने वाली शिखर वार्ता में प्रस्तुत करेंगे। इससे पहले आईं खबरों में कहा गया था कि रोसएटम ने भारत में रूसी-डिजाइन वाले उन्नत रिएक्टरों के स्थानीयकरण के मामले में भी तैयार रहने की बात कही है।

### सरगुजा की दो युवतियों को उज्जैन लेकर बेचा, एक युवती को पुलिस ने किया बरामद, दूसरे की तलाश

**अंबिकापुर,** 3 दिसंबर (हाईवे चैनल)। सरगुजा की दो लड़कियों को मानव तस्करों ने उज्जैन ले जाकर बेचने का मामला सामने आया है. मोटी तनख्वाह की नौकरी दिलाने का झांसा देकर बेची गई दो युवतियों में से एक को पुलिस ने बरामद कर लिया है, वहीं दूसरे की तलाश जारी है.

जानकारी के अनुसार, लखनपुर थाना क्षेत्र की बेची गई युवती को एक हफ्ते तक घर में बंधक बनाकर रखा गया था. लड़की ने शोर मचाया तो उज्जैन पुलिस ने उसे छुड़ाया. सूचना पर उज्जैन पहुंचे परिजनों को पुलिस ने युवती को सौंपा. वहीं लापता दूसरी लड़की को बेचकर खरीदार से शादी कराने की शिकायत परिजनों ने पुलिस से की है. बताया जा रहा है कि आरोपी लड़की को अंबिकापुर से ट्रेन से लेकर उज्जैन गए, और ढाई लाख रुपए में बेच दिया. मानव तस्करी के मामले में 4 के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है.




चूहा- सुनती हो, संसद में अंततः एसआईआर पर चर्चा करने सरकार सहमत हो गई।
चुहिया- हां जी, यही काम पहले कर लेते तो इतना छीछालेदर क्यों होता..!

## भिलाई कैंप एरिया में शूटर करन साव के घर के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर



दुर्ग, 3 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छावनी कैंप एरिया में बुधवार सुबह नगर निगम की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में शूटर करन साव के घर बने अवैध निर्माण को हटाया. करन साव कुछ दिन पहले चर्चा में आया था, जब उसने कैंप टू मार्केट के पास फायरिंग की थी. घटना के बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. इसी बीच निगम ने उसके घर पर हुए अतिक्रमण को चिन्हित किया और सुबह टीम मौके पर पहुंची. पुलिस ने इलाके को घेरा, फिर निगम कर्मचारियों ने अवैध निर्माण तोड़ना शुरू किया. कार्रवाई के दौरान मोहल्लेवासी बड़ी संख्या में मौजूद थे। अधिकारियों का कहना है कि शहर में किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे वह कोई भी हो.

भिलाई गोलीकांड केस में पुलिस ने मास्टरमाइंड करण साव समेत ६ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। करण साव ने विकास प्रजापति की सुपारी झारखंड के ३ शूटर्स को दी थी। करण के कहने पर शूटर ने फायरिंग की, लेकिन विकास को नहीं लगी। मामला जामुल थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, शूटर्स ने साजिश के तहत विकास को डेकोरेशन के लिए ऑर्डर देने के बहाने से बुलाया था। इसके बाद ३ नकाबपोश शूटर्स ने फायरिंग की थी। वहीं फायरिंग स्पॉट पर खाली खोखे मिले थे, जिसे पुलिस ने बरामद किया है। दरअसल, २२ जनवरी २०२४ को गाड़ी टकराने के विवाद में १२वीं के छात्र शिवम साव (१७) की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। शिवम साव करण साव का चचेरा भाई था। इस हत्या के मामले में विकास प्रजापति का चचेरा भाई राहुल प्रजापति अभी जेल में बंद है। शिवम की हत्या के बाद से करण साव गुस्से में था। खून का बदला खून से लेना चाहता था। शिवम की मौत का बदला लेने के लिए झारखंड के शूटर्स हायर किए। शूटर्स ने साजिश के तहत विकास प्रजापति को फोन किया और अंधेरे इलाके में बुलाया। इसके बाद अंधाधुंध फायरिंग की। वहीं पीड़ित विकास प्रजापति के भाई गंगाधर प्रजापति ने बताया कि वह लोग जामुल के कैंप-२ में रहते हैं। विकास पर पुरानी रंजिश में फायरिंग की गई है। करण ने खून का बदला खून से लेने के लिए गोली चलवाई है। करण अपने भाई की मौत का बदला लेना चाहता है। गंगाधर प्रजापति ने बताया कि सालभर पहले करण साव के नाबालिग भाई की मौत हो गई थी, उसी रंजिश में फायरिंग की गई है। इसके बाद नाबालिग के परिजनों ने धमकी दी थी कि हमारे घर का चिराग बुझा है तो तु6हारे घर का भी एक चिराग बुझेगा। पुलिस के मुताबिक मास्टरमाइंड करण साव ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि १४ नंवबर को उसने शूटर्स से फायरिंग कराई है। हालांकि अंधेरे की वजह से निशाना नहीं लगा। फायरिंग में विकास प्रजापति बच गया। उसके कान को छूकर गोली निकल गई। फायरिंग के बाद शूटर्स अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए थे। गिरफ्तार आरोपियों में छावनी निवासी करण साव (२७), ऋषभ त्रिलोचन साव (२१), संजय (५८), संतोष (५८), विनय कुमार साव (६६)और सुमीत कुमार (२१) शामिल हैं।



### सीएम साय कैबिनेट की बैठक शुरू धान खरीदी समेत कई मुद्दों पर चर्चा

**रायपुर,** 3 दिसंबर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक मंत्रालय स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में आयोजित शुरू हो गई है। इस बैठक में से कैबिनेट के सभी मंत्रीगण मौजूद है। इस बैठक में राज्य के विभिन्न विभागों से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में किसानों से जुड़ा सबसे संवेदनशील मुद्दा धान खरीदी की प्रक्रिया को सुचारू बनाने और किसानों को होने वाली समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा हो सकती है। इसके साथ ही शीतकालीन सत्र पर भी चर्चा हो सकती है।

## तेज रफ्तार यात्री बस पलटी, एक की मौत



रायपुर, 3 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छतीसगढ़ के बिलासपुर में भीषण सड़क हादसा हो गया है, मरवाही से बिलासपुर आ रही दीप ट्रैवल्स की यात्री बस गड्ढों और जर्जर हालत के कारण अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे में 19 वर्षीय यशपाल सिंह की मौत हो गई, वहीं आधा दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज ढाल और खराब सड़क पर बस अनियंत्रित होकर नीचे गिरी, हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। ग्रामीणों और राहगीरों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की। जिन्हें उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया। जबकि मृतक की पहचान कर परिजनों को सूचना दी जा रही है। आपको बता दें कि केंदा मार्ग की सड़कें लंबे समय से बदहाल हैं और आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं, इसलिए प्रशासन को तत्काल सुधार कार्य शुरू कर भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने की जरूरत है।

## एमसीडी उपचुनाव में भाजपा 7 सीटे जीती आप की 3 और कांग्रेस की एक सीट बढ़ी



**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (एजेंसी)। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) उपचुनाव के नतीजे बुधवार को घोषित हो गए हैं। सभी 12 सीटों में से भाजपा ने 7 सीट, आम आदमी पार्टी ने 3 और कांग्रेस और ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने 1-1 सीट पर जीत दर्ज की है। इस चुनाव में भाजपा को 2 सीटों का नुकसान हुआ है। उपचुनाव के अंतिम नतीजों में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। वार्ड नंबर 128 ढीचाऊं कलां वार्ड से भाजपा की रेखा रानी चुनाव जीती हैं। वार्ड 198 विनोद नगर से बीजेपी की सरला चौधरी, वार्ड 65 अशोक विहार से वीणा असीजा, वार्ड 74 चांदनी चौक से सुमन कुमार गुप्ता और वार्ड 56 शालीमार बाग से भाजपा की अनीता जैन ने जीत हासिल की है। इसके अलावा वार्ड क्षेत्र चांदनी महल से ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के उम्मीदवार मोहम्मद इमरान चुनाव जीते। वहीं वार्ड 35 मुंडका से आम आदमी पार्टी प्रत्याशी अनिल लाकड़ा और वार्ड नंबर 164 दक्षिणपुरी वार्ड से आप उम्मीदवार रामस्वरूप कनौजिया ने चुनाव जीत लिया। इसके अलवा संगम विहार वार्ड 163 ए से कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश चौधरी ने जीत दर्ज कराई है। इस बार के उपचुनाव को दिल्ली के तीनों दलों भाजपा, कांग्रेस और आप ने बेहद अहम माना है, क्योंकि यह नतीजे राजधानी की राजनीति पर बड़ा प्रभाव डाल सकते हैं। चुनाव नतीजों में भाजपा अपनी जीत से उत्साहित है। भाजपा के पास अभी तक 115 पार्षद, जबकि आप के पास 99, इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के 15 और कांग्रेस के पास 8 पार्षद थे। इस उपचुनाव में 7 सीटें मिलने के बाद भाजपा पार्षदों की संख्या 122 पहुंच हो गई है। वहीं आप के पार्षद बढ़कर 102 हो गए है। इसके अलावा कांग्रेस पार्षदों की संख्या 9 हो गई है।

## दिल्ली यूनिवर्सिटी के दो बड़े कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी मिली

**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। दिल्ली यूनिवर्सिटी के 2 कॉलेजों से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। राजधानी के 2 कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी के बाद से कैंपस में सर्च ऑपरेशन शुरु कर दिया गया। बता दें कि इन दो कॉलेजों में रामजस कॉलेज और देश बंधु कॉलेज का नाम सामने आया है। कॉलेजों को यह धमकी मेल के जरिए दी भेजी गई थी।

सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए दोनों कॉलेजों के कैंपस में सघन सर्च ऑपरेशन शुरु कर दिया गया है। पुलिस और बम स्क्वॉड की टीमों ने चप्पे-चप्पे की जाँच की, लेकिन शुरुआती घंटों में किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई है। अधिकारी फिलहाल स्थिति पर बारीकी से निगरानी रख रहे हैं। यह पता लगाने के लिए जाँच जारी है कि यह धमकी महज एक अफवाह थी या इसके पीछे कोई वास्तविक मंशा थी। यह पहली बार नहीं है जब राजधानी के शैक्षणिक संस्थानों को ऐसी धमकियाँ मिली हैं। पिछले महीने 18 नवंबर को भी दिल्ली के द्वारका और प्रशांत विहार स्थित दो सीआरपीएफ स्कूलों को ईमेल के ज़रिए बम की धमकी मिली थी। इसके अलावा साकेत कोर्ट, रोहिणी कोर्ट और पटियाला कोर्ट सहित तीन अदालत परिसरों को भी इसी तरह के धमकी भरे संदेश प्राप्त हुए थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने गर्भवती बांग्लादेशी महिला को भारत वापस लाने का दिया आदेश, बच्चे संग होगा पुनर्वास



**नई दिल्ली,** 3 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को बांग्लादेश से निर्वासित गर्भवती महिला सोनाली खातून को उसके बच्चे के साथ %मानवीय आधार% पर भारत वापस लाने का आदेश दिया है। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि वह सोनाली खातून और उसके आठ साल के बेटे को वापस लाएगी और कहा कि उन पर निगरानी रखी जाएगी और उन्हें चिकित्सा सहायता प्रदान की जाएगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह पूरी तरह से %मानवीय आधार% पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हालाँकि महिला बांग्लादेशी है, लेकिन वह भारत के बीरभूम में रह रही थी।

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अपने आदेश में केंद्र सरकार के इस आश्वासन का उल्लेख किया कि महिला सोनाली खातून को उसकी स्थिति को देखते हुए मुफ्त चिकित्सा देखभाल और सभी आवश्यक सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी। शीर्ष अदालत ने अधिकारियों को उसके बच्चे की दैनिक देखभाल सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। यह आदेश केंद्र सरकार द्वारा दायर एक विशेष अनुमति याचिका के जवाब में जारी किया गया था, जिसमें सितंबर में कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी गई थी जिसमें निर्वासित परिवार को वापस भेजने का निर्देश दिया गया था। उच्च न्यायालय का यह फैसला महिला के पिता भोदू सेख द्वारा दायर एक याचिका पर आधारित था। इससे पहले की सुनवाई के दौरान, सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र से मानवीय आधार पर गर्भवती महिला और उसके आठ साल के बेटे को वापस लाने का आग्रह किया था, और इस बात पर ज़ोर दिया था कि माँ और बच्चे को अलग नहीं किया जाना चाहिए।

### हकवा के जंगलों में नक्सलियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ जारी



**बीजापुर,** 3 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। एक बार फिर नक्सलियों के साथ सुरक्षा बल की मुठभेड़ जारी है. अबकी बार भैरमगढ़ क्षेत्रांतर्गत ग्राम हकवा के जंगलों में मुठभेड़ चल रही है. बीजापुर पुलिस ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि डीआरजी/एसटीएफ/कोबरा की संयुक्त टीम की नक्सलियों के साथ रुक-रुक कर मुठभेड़ चल रही है. इसके साथ ही सुरक्षाबलों जवानों का सर्चिंग अभियान जारी है।